राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – नवंबर 2024

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ । परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की। JVVNL ने भारत सरकार के अंतिम अनुदान का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ । शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर चंडीगढ़ में प्राप्त हुए और इनका CED की M&P लैब में परीक्षण किया गया।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 7 नवंबर 2024 10वीं भारत-यूरोपीय संघ ऊर्जा पैनल बैठक के संबंध में विद्युत मंत्रालय को NPMU की इनपुट प्रस्तुत की गई। 13 नवंबर 2024 को सचिव (MEA) की अध्यक्षता में ऊर्जा दक्षता, स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा बाजार विषय पर आयोजित प्रारंभिक अंतर-मंत्रालयी बैठक में मुख्य महाप्रबंधक, NPMU ने भाग लिया।

2. 19 नवंबर 2024 को निदेशक NPMU व EGSM ने MEITY में आयोजित औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और पावर सिस्टम पर विशेषज्ञ समिति की पहली बैठक में विभिन्न प्रस्तावों के मूल्यांकन में भाग लिया।

3. 20 नवंबर 2024 को निदेशक NPMU व EGSM ने ललित होटल, नई दिल्ली में आयोजित 'इकोनॉमिक टाइम्स एनर्जी वर्ल्ड स्मार्ट एनर्जी समिट 2024' में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

4. 21 और 22 नवंबर 2024 के दौरान NPMU अधिकारियों ने होटल पुलमैन, एयरोसिटी, नई दिल्ली में IEEMA द्वारा आयोजित 'मीटरिंग इंडिया 2024' में भाग लिया। 22 नवंबर 2024 को निदेशक NPMU ने "कुशल डिस्कॉम संचालन के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण" विषय पर हुई तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

5. नवंबर 2024 तक, विभिन्न स्थानों पर 1.68 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**